## एकदिवसीय चयन ट्रायल 9 को

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में अगस्त माह में जयपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम बनाने के लिए एक दिवसीय चयन ट्रायल 9 अगस्त 2024 शुक्रवार को सुबह 7 बजे से एसआर क्रिकेट एकेडमी सेंट्रल एकेडमी स्कूल कैंपस सेवर मथुरा बाईपास रोड पर रखी गई है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि खिलाड़ियों के दस्तावेजों का बायोमेट्रिक तरीके से सत्यापन किया जाएगा एव जो भी खिलाड़ी सत्यापन के दौरान फर्जी पाये जाएंगे। उन सभी खिलाड़ियों पर जिला क्रिकेट संघ सख्त कार्रवाई करेगा। इस चयन ट्रायल में 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2010 के मध्य जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र (डिजिटल वाला) मूल निवास प्रमाण पत्र (डिजिटल वाला) आधार कार्ड तथा पिछले 3 साल की मार्कशीट एवं माता-पिता का आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड आदि साथ लेकर आएं एवं खिलाड़ी की आधार हिस्ट्री अपडेट भी चेक की जाएगी। यह सभी दस्तावेज ओरिजिनल होने चाहिए एवं खिलाड़ी अपनी पहनने वाली सफ़ेद किट एवं क्रिकेट खेलने का सामान भी अपने साथ लेकर आवे सचिव ने यह भी बताया कि इस चयन ट्रायल के बाद भरतपुर जिले की 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा।

# दिग्गज नेता अशोक शर्मा को द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किया

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे कद्दावर भाजपा नेता स्वर्गीय अशोक शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर 3 अगस्त 2024, दिन शनिवार को अशोक शर्मा जगन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

साथ ही इंडियन रेड क्रोस सोसायटी के द्वारा बालिकाओं के लिए प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राजाखेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय अशोक शर्मा की धर्मपत्नी व भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधी बीटी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा, बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, डीईओ महेश मंगल, एसडीएम मनीषा मीणा, राजाखेड़ा की पूर्व विधायक मनोरमा सिंह, पूर्व जिला प्रमुख रामवती जाटव, मनियां सीओ राजेश शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा, पंकज शर्मा जगन, सुमित शर्मा जगन, समर्थ शर्मा जगन,



जिला कलेक्टर ने की श्रद्धांजलि अर्पित की।

तहसीलदार टिकेंद्र सिंह एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चरण सिंह, पूर्व सरपंच बौहरे महेश शर्मा बरेह सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने स्वर्गीय अशोक शर्मा के छायाचित्र परपुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम नीरजा अशोक शर्मा एवं जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के साथ अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलन के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत एक पेड़ देश के नाम के अंतर्गत छायादार पौधे लगाकर पौधारोपण किया। जिसके साथ ही इंडियन रेड क्रोस सोसायटी के सचिव संजीव श्रीवास्तव, प्रशिक्षक डॉ. प्रज्ञा दीप व डॉ. विनोद गर्ग द्वारा राजाखेड़ा क्षेत्र की बेटियों के लिए प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। जिसमें चिकित्सा से सबन्धित प्राथमिक उपचार की जानकारी साझा की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि राजाखेड़ा में स्वर्गीय अशोक शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को भी बढ़ावा दिया जा रहा है यह कार्य अशोक शर्मा की धर्मपत्नी नीरजा शर्मा द्वारा पुण्य का कार्य किया गया है। सभा के अंतर्गत इंडियन रेड क्रोस सोसायटी द्वारा करीब 2 हजार बालिकाओं को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे बालिकाओं को अहम जानकारी मिली। जिसके बाद बालिकाओं को प्रमाण पत्र व बैग वितरित किए गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नीरजा शर्मा ने कहा कि आज मेरे पति की द्वितीय पुण्यतिथि है। वे हमेशा सत्य व ईमानदारी में विश्वास रखते थे। सही को सही व गलत को गलत कहना उनका स्वभाव हमेशा से रहा था, उनका सपना था कि राजाखेड़ा विकास से पिछड़ा है, उसको आगे बढ़ाना व भयमुक्त राजाखेड़ा बनाना, आज हम सभी मिलकर उनके बताए हुए आदर्शों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं और ऐसे सेवा के कार्य हम प्रतिवर्ष करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में मंच का संचालन विशम्बर दयाल द्वारा किया गया।

## सार-समाचार

### डाक कावड़ को मंदिर में चढ़ाया जाएगा

**भरतपुर** (निस)। प्रथम विशाल शिव कांवड़ यात्रा के लिए कस्बा सेवर से 60 सदस्यीय दल सेवर से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। जो कस्बे के सीताराम लाल मंदिर से प्रारंभ हुआ हुआ। सभी शिव भक्तों ने बताया कि कस्बा सेवर से पहली बार शिव डाक कावड़ लेने के लिए 60 सदस्यों का एक दल सेवर से हरिद्वार के लिए रवाना हुआ है। रवानगी से पहले कांवड़ दल के सदस्यों ने कस्बे की परिक्रमा लगाई। जिसमे सीताराम लाल मन्दिर, खौर वाले हनुमान मंदिर, गंगा महरानी मन्दिर, बृजेन्द्र बिहारी मन्दिर सभी मंदिरों पर ढोक देते हुए। यह दल सेवर से 3 वाहनो द्वारा हरिद्वार पहुंचेगा। जहां से डाक कांवड़ लाई जाएगी। जिसके बाद डाक कांवड़ को शिव मंदिर पर चढ़ाया जाएगा। यह डाक कांवड़ 5 अगस्त को रात्रि में सेवर आकर पहुंचेगी। महिलाओं ने दल को विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर सभी के तिलक लगाकर रवाना किया।

### शिविर में 56 यूनिट ब्लड डोनेट किया

**कोटा,** (निसं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध रेज़ोनेंस संस्थान के कोटा कैंपस में 3 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन रेजोनेंस के एचआर और संसथान की स्टूडेंट केयर विंग रेज़ोकेयर के अंतर्गत एवं कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से किया गया। शिविर के अंदर संस्थान के फैकेल्टी मेंबर्स, मैनेजमेंट के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया एवं रक्तदान करके समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु एक प्रयास किया। उपरोक्त सभी के सहयोग से इस शिविर में 56 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस रक्तदान शिविर के अवसर पर संस्थान के वाईस प्रेजिडेंट कीर्ति सिंह सोनगरा ने कहा कि रेजोनेंस सदैव समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने में अग्रणी रहा है एवं आगे भी एचआर और रेज़ोकेयर के बैनर तले ऐसे कई प्रकार के सकारात्मक आयोजन करता रहेगा। आयोजन के समापन पर उपस्थित स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### अवेध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**पहाड़ी** (निस)। ऑनलाइन ठगी के करोबारी को अवेध रूप से शराब बेचने वाले को लम्बे समय बाद पुलिस ने शनिवार को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घाटमीका के ठेकका बास निवासी उमर मोहम्मद पुत्र फ्तेह मोहम्मद को 54 ए आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। गौततलव है की पुलिस ने वर्ष 2022 को गश्त के दौरान पुलिस को घाटमीका की तरफ से आते हुई एक कार को चैक किया था। उसमें ठगी करने वाले को उपकरण मोबाइल व सीम आदि बेचने वाले घोघोर निवासी सन्जी को गिरफ्तार किया गया था। उसको उमर मोहम्मद ने अवेध देशी शराब के 48 पब्बे अवेध रूप से बेचे थे। जिसमे उसे गिरफ्तार किया गया था।

### अस्थायी संविदा पदों हेतु आवेदन

**करौली**( नि.स.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली कि सचिव ने बताया कि करौली के अधीनस्थ कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम करौली हेतु पूर्णतया अस्थायी संविदा पदों हेतु राजकीय विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों से ऑफिस असिस्टेंट पद संख्या 3 मानदेय 14000 रूपये, रिसेप्शनिस्ट कम डेटा एन्ट्री ऑपरेटर पद संख्या 1 मानदेय 14000 रूपये,ऑफिस पिओन पद संख्या 3 मानदेय 11000 रूपये के लिए आवेदन पत्र कर सकते हैं। आवेदनकर्ता 14 अगस्त तक सांय 5:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

### वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाड़ा का निधन

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण बलदेव सिंह हाड़ा का शुक्रवार शाम जोधपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को अपरान्ह कोटा के छावनी स्थित श्मशान पर किया गया। हाड़ा की पार्थिव देह को उनके पुत्र देवव्रत सिंह ने मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि स्व. हाड़ा ने कोटा के पत्रकार जगत में चार दशकों तक अपनी सेवाएँ दी। वह राजस्थान पत्रिका, जननायक और समाचार एजेंसी यूएनआई में कार्यरत रहे। हाड़ा के अंतिम संस्कार में ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर, महासचिव अनिल भारद्वाज, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रद्युम्न शर्मा, धीरज गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र राहुल, पुरुषोत्तम पंचोली, केएल जैन, जनार्दन गुप्ता, सुबोध जैन, ब्रिजेंद्र सिंह झाला, जितेंद्र शर्मा, जेपी सिंह, योगेश सेन आदि ने उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी। डॉ सुधीर गुप्ता, नरेश हाड़ा, बनवारी यदुवंशी, प्रियंक जैन आदि भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### 'स्तनपान शिशु और मां के लिए अनमोल'

**छबड़ा** (निसं)। आंगनबाडी केंद्र बड़ोदिया पर संस्कार सेवा संस्थान बारां तथा आईपी ग्लोबल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। पोषण चैंपियन मोहम्मद इरफान ने मां का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे सर्वोत्तम बताया। वही कहा कि स्तनपान शिशु को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है जो उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। शिशु के पाचन तंत्र के लिए स्तन का दूध आसानी से पचने योग्य होता है। कविता चौधरी के अनुसार इस सप्ताह को मनाने का मकसद स्तनपान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आसिफ मोहम्मद ने स्तनपान के बारे में महिलाओ को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आशा सहयोगिनी सलोचना मीणा, सहायिका गीता सेन सहित महिलाएं मौजूद रही।

### फरार वारण्टी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। सदर बयाना थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में 10 साल से फरार वारण्टी थानसिंह को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना विजेन्द्र सिंह व वृताधिकारी वृत बयाना अमर सिंह आरपीएस के सुपरवीजन में थानाधिकारी सदर बयाना बलराम मय गठित टीम द्वारा थाना बयाना के प्रकरण से में अवैध हथियार रखने के मामले में वांछित चल रहे वारण्टी थान सिंह पुत्र अतरसिंह उम्र 28 साल जाति जाटव निवासी रारोदा थाना सदर बयाना को गिरफ्तार किया गया।

### कार्यशाला आयोजित

**बून्दी** (निसं)। समग्र शिक्षा बूंदी एवं ग्राम राज विकास प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम आधारित शैक्षिक कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सत्यनारायण वर्मा एवं सहायक मास्टर ट्रेनर चतुर्भुज अछेरिया द्वारा भाषा शिक्षण की विधियों, भाषा शिक्षण के सिद्धांत, नवाचारों युक्त शिक्षण गतिविधियों एवं गणित की बुनियादी दक्षता पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा करते हुए टीचिंग सहायक सामग्री तैयार करायी गयी।

## 3.8 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी ।** वजीरपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्मैक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और गंगापुर सिटी पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के निर्देशन में वजीरपुर थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वजीरपुर थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर ने बताया कि वजीरपुर में गश्त के दौरान नाकाबंदी सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खेडला मोड की तरफ पैदल आ रहा है। पुलिस टीम को देख उक्त व्यक्ति वापस जाने लगा। साथ ही संदिग्ध स्थिति होने पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रोक कर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जयसिंह पुत्र धरमसिंह मीणा निवासी मीना बडौदा थाना वजीरपुर का होना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे में 3.8० ग्राम स्मैक मिली। इसकी बाजार कीमत करीब 15 हजार रुपए थी। पुलिस ने स्मैक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई और एनडीपीएस एक्ट में माला दर्ज किया। पुलिस टीम में थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर, कांस्टेबल पवन, मानवेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

# धौलपुर शहर में लगे गंदगी के ढेर

**धौलपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मी हड़ताल पर चल रहे हैं। हड़ताल को आज 10 दिन हो गए हैं। जिस कारण धौलपुर शहर से कचरा नहीं उठाया जा रहा है। जिससे शहर में जगह-जगह कचरा के ढेर लगे हुए हैं।

हालात ये हैं कि शहर के मुख्य मार्ग और मुख्य चौराहों पर गंदगी के ढेर लग

> ■ **चौराहों पर गंदगी के ढेर लग गए हैं। जिस कारण लोगों का यहां से निकलना भी मुश्किल हो रहा है**



हड़ताल को आज 10 दिन हो गए हैं। जिस कारण धौलपुर शहर से कचरा नहीं उठाया जा रहा है।

गए हैं। बरसात का मौसम होने के कारण ये कचरा सड़ गया है और बुरी तरह दुर्गंध मार रहा है। जिस कारण लोगों का यहां से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। पूरे मामले में बड़ा सवाल जिम्मेदारों पर खड़ा हो रहा है कि आखिर हड़ताल को 10 दिन हो गए, फिर भी कचरा उठाने को लेकर कोई वैकल्पिक व्यवस्थाएं क्यों नहीं की गई है ?

यदि इसी तरह इस कचरे से दुर्गंध आती रही तो बरसात के इस मौसम में बीमारियां फैलने का खतरा काफी बढ़ जाएगा। ऐसे में हालात आने वाले दिनों में भयाभय भी हो सकते हैं। वहीं शहर में लगे गंदगी के ढेरों को लेकर आम जनता में नगर परिषद के खिलाफ रोष है। मुख्य मार्गों के हालात ये हैं कि लोगों का बदबू और गंदगी से निकलना मुश्किल हो रहा है। जिससे लोग नगर परिषद को कोषते नजर आ रहे हैं।

## विचार गोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 3 अगस्त 2024 शनिवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के अन्तर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि स्तनपान शिशु के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा को सुनिश्चित करने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। किन्तु 6 महीने से कम उम्र के आधे सेभी कम शिशुओं को स्तनपान कराया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शिशु के अच्छे स्वास्थ्य तथा उसके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए पहले 6 माह तक केवल स्तनपान से पोषण मिलना चाहिए तथा माँ के अच्छे पोषण से यह सुनिश्चित करें कि बच्चे को 700 से 800 मिली प्रतिदिन माँ का दूध मिले। माँ का प्रथम दूध बच्चे मे जीवन के लिए रोगो से लडने की क्षमता पैदा करता है। इस अवसर पर डॉ. शंकरलाल यादव, डॉ. विनोद भटेश्वर आदि उपस्थित थे।

## अवैध कट्टा व कारतूस के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव गढ़ी गजपुरा के जंगल से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ आर्म एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए पूछताछ की जा रही है।

सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर गांव गढ़ी गजपुरा के जंगल में यह कार्रवाई की है। जिसमें आरोपी होली पुत्र भभूति गुर्जर निवासी जवारे का पुरा कस्बा नगर थाना बसई डांग को गिरफ्त में लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध देसी कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्त में आए आरोपी के

> ■ **गांव गढ़ी गजपुरा के जंगल से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया'**

खिलाफ आर्म एक्ट का मुकदमा दर्ज करते हुए पूछताछ की जा रही है।

एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि एसपी धौलपुर सुमित महरेड़ा के विशेष निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसमें बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में थाने के एएसआई राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल योगेंद्र कुमार, कांस्टेबल प्रदीप, पवन कुमार, बलवीर, रामअवतार और मनोज कुमार की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है।

## हुनर की खोज की

**भरतपुर** (निस)। रोशनी संस्था द्वारा आगामी कार्यक्रम बृज गोट टेलेंट सीज़न 2 के लिए सरकारी स्कूलों में जाकर हुनर की खोज की जा रही है। इसी तरह गरीब बस्तियों में जाकर भी हुनरबाज को निकाला जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सपना डीगिया ने बताया कि इसी संदर्भ में पहले हेल्पिंग हैंड संस्था में आने वाले करीब 70 बच्चों का डांस कंपीटिशन कराया गया। उसमे से तीन बच्चों को सेलेक्ट किया और इसी के अंतर्गत महात्मा गांधी सिविल लाइन सरकारी स्कूल में अध्यापिका नेहा जैन के सानिध्य में नृत्य व गायन प्रतियोगिता आयोजित कर हुनरबाज निकाले गए। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया व बृज गोट टेलेंट के फॉर्म निशुल्क भरवाए गए। हमारे शहर भरतपुर में हुनर की कमी नही है बस जरूरत है ऐसे हुनरबाजो को खोजने की और यह काम का जिम्मा भरतपुर रोशनी संस्था ने उठाया है। इसी तरह एसबीके स्कूल, स्वास्थ्य मंदिर, वेदांता स्कूल आदि में भी ऑडिशन जारी है।

## डॉ. दशरथ निर्विरोध मैंबर चुने गए

**भरतपुर** (निस)। डॉ दशरथ प्रसाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र, पोकरण को स्वामी केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर को एकेडमिक कॉउन्सिल मेम्बर निर्विरोध चुना गया है। जो कि नदबई भरतपुर के निवासी है। इनका कार्यकाल दो साल का रहेगा और ये विश्वविद्यालय की शैक्षिणक गतिविधियों की बैठक में शामिल हो पाएंगे।

कॉलेज शिक्षा में उच्च गुणवत्ता व व्यावसायिक शिक्षा पर फोकस रहेगा। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इनकी भूमिका रहेगी। इसी वर्ष इनको राजस्थान कॉउंसिलर पद पर इण्डिया सोसाइटी ऑफ एग्रोनॉमी नई दिल्ली के लिए दो साल 2024-2025 के लिए चुना है। इनका दिसंबर 2023 में इनका चयन वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष पद पर पोकरण में हुआ था। ग्यारह साल इन्होंने कृषि अनुसंधान केंद्र

> ■ **ग्यारह साल इन्होंने कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर में रिसर्च व कृषि महाविद्यालय में टीचिंग का कार्य भी करवाया है**

श्रीगंगानगर में रिसर्च व कृषि महाविद्यालय में टीचिंग का कार्य भी करवाया है। इनके दिशा निर्देशन में एक स्नातकोत्तर शस्य विज्ञान के छात्र को डिग्री करवाई है। डॉ दशरथ इस विश्वविद्यालय में बोम के सदस्य रह चुके है। दो बार यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित हो चुके है। इनको रजिस्ट्रार डॉ देवा राम सैनी ने शपथ दिलाई। इस निर्विरोध चुनाव के लिए कुलपति डॉ अरुण कुमार व मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ वीर सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## होलसेल बाजारों में चोरों का आतंक, दुकान के ताले तोड़ने की कोशिश

**कोटा,** (निसं)।पूरे हाड़ौती संभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले पुराने होलसेल बाजारों में काफी लंबे समय से चोरों, डकैतो, नशेड़ियों, जेबकटो, अतिक्रमणकारियों, वाहन चोरों का आतंक फैला हुआ है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है। जिसकी जानकारी संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी लगातार प्रशासन को दे रहे हैं।

अपराधियों को किसी प्रकार का भय नहीं है। व्यापारी इससे काफी आक्रोशित है एवं घर जाते समय तो सुरक्षित घर पहुंचने की चिंता एवं जाने के बाद रात भर उन्हें चिंता सताती है कि सुबह दुकान सुरक्षित मिलेगी या नहीं। इसी क्रम में शनिवार को पुरानी सब्जी मंडी नागपाल हार्डवेयर के सामने जेएमडी कलेक्शन जिसके मालिक राजेश मोदी सवेरे जब अपने रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने पाया कि उनका शटर दो जगह से टूटा हुआ है एवं ताले को चोट पहुंची हुई है। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी आसपास के व्यापारियों को दी। सभी व्यापारियों ने मिलकर होलसेल व्यापार महासंघ संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी एवं पुरानी सब्जीमंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ से संपर्क किया। सूचना मिलने पर पंकज बागड़ी एवं पवन दुआ, हेमराज शर्मा अपनी कार्यकारिणी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं उसकी जानकारी डिप्टी सीईओ थर्ड एवं केथूनीपौल थाना अधिकारी को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद व्यापारी ने इसकी रिपोर्ट कैथूनीपौल थाने में दर्ज करवाई जिस पर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी ने बताया कि इस तरह की घटनाएं लगभग आए दिन हो रही है एवं व्यापारी भयभीत एवं आक्रोशीत है। प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। घटनाएं होती है, व्यापारी को नुकसान होता है कुछ घटनाओं में चोर पकड़े गए परंतु व्यापारी के नुकसान की भरपाई नहीं हो पाई।

पुलिस प्रशासन को चाहिए की चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी से पीड़ित व्यापारी को नुकसान की भरपाई दिलवाई जाए एवं चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी को उचित दंड दिया जाए जिससे अपराधों की पुनरावृत्ति पर रोक हो ऐसी व्यवस्था होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर होलसेल शास्त्री मार्केट व्यापार संघ उपाध्यक्ष चिमन जैसवानी, सचिव रमेश राय, पुरानी सब्जी मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ, महामंत्री जगदीश बबलानी, विनय दयानी कोषाध्यक्ष राजेंद्र माखीजा उपाध्यक्ष नरेश सुखवानी सांस्कृतीक मंत्री सुरेश साधवानी आदि पीड़ित व्यापारी के साथ उपस्थित रहे।

# पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते आवारा पशुओं का बढ़ रहा आतंक

**नदबई** (निस)। शहर में नगर पालिका की अनदेखी से आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोग अब घरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। शहर में आवारा सांड बाजारों से लेकर मुख्य चौराहे और गलियों में दिनभर उत्पात मचाते हैं। पिछले 8 दिनों में आवारा सांड के हमले से 3 लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। लेकिन फिर भी नगर पालिका प्रशासन जागा नहीं हैं। शुक्रवार रात को शहर में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। गली में 2 सांडों की भयंकर लड़ाई हो गई। लड़ते लड़ते दो सांडों में से एक सांड भागता हुआ। एक घर की छत पर बने कमरे में पहुंच गया और कमरे में जाकर खड़ा हो गया। घटना की सूचना पर नपा के सफाई निरीक्षक अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से सांड का रेस्क्यू कर सकुशल उतारा।

जानकारी के अनुसार नदबई कस्बे के वार्ड नंबर 6 की सुनार गली में शुक्रवार रात करीब 7.45 बजे 2 आवारा सांडों के बीच भयंकर लड़ाई हो गई। दो सांडों में से एक सांड भागता हुआ हरिओम पुत्र हेमंत सोनी के घर के अंदर बनी सीढ़ियों से छत पर बने कमरे में जा घुसा। घर के सदस्यों ने बताया है कि उन्हें इस बात का अंदाजा तक नहीं था कि उनके घर की छत के कमरे में आवारा सांड़ आ गया है। सांड़ घर की छत पर उत्पात मचाने लगा, तो घर वालों को पता लगा। इसके बाद पूरे



दो सांडों की हुई भयंकर लड़ाई मे एक सांड छत के कमरे में घुसा

परिवार में खलबली मच गई। घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने कमरे से सांड को निकालने का खूब प्रयास किया। लेकिन सांड जिस जगह पर खड़ा था वहां से नहीं हिला। परिवार के लोगों का कहना है कि जब सांड कमरे में आया तो उस वक्त कमरे में कोई नहीं था। अगर उसे वक्त कमरे में कोई होता तो सांड हमला कर घायल कर देता। नपा की टीम ने मौके पर पहुंच किया रेस्क्यूलोगों ने छत पर चढ़े सांड की सूचना नगर पालिका को दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका के सफाई निरीक्षक बलवंत सिंह टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आस पास के लोगों के सहयोग से छत के कमरे में खड़े सांड का रेस्क्यू कर सकुशल उतारा गया। जिसके बाद लोगों ने चौन की सांस ली।नदबई में पिछले 8 दिनों में आवारा सांडों के हमले से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। आवारा सांड के हमले से किसी का हाथ टूट गया, तो किसी के कमर और कंधों में गंभीर चोट आई हैं। सांडों का आतंक यमराज से कम नहीं है। यहां आए दिन बाजारों में ये सांड़ आपस में भिड़ते हुए नजर आते हैं। अब तक कई लोग शहर में सांड़ो के आतंक का शिकार भी हो चुके हैं। पालिका प्रशासन को सारी घटनाओं का पता होते हुए भी प्रशासन आंखों पर पट्टी बांध कर बैठा हुआ है।

**जिला कलेक्टर ने दिए थे निर्देश :** जिला कलेक्टर ने 29 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों की बैठक ली थी। जिसमें जिला कलक्टर ने नगर निगम एवं नगरपालिका क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकडने के लिये निरन्तर अभियान जारी रखने, सडकों पर पशुओं को बांधने वाले पशुपालकों को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने रोड सेफ्टी के तहत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकडकर गौशालाओं में छोडने हेतु अतिरिक्त वाहन लगाने सहित विशेष कार्यवाही करने को कहा था। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन कलेक्टर के आदेश को हवा में उड़ाता नजर आ रहा है। जहां पालिका प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा शहर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## पौष्टिक आहार के पैकेट वितरित

**बून्दी** (निसं)। विश्व स्तनपान सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को इनरव्हील क्लब द्वारा मदर मिल्क बैंक में नव माताओं को पौष्टिक आहार के पैकेट वितरित किए गए। साथ ही मिल्क बैंक में कार्यरत नर्सिंग कार्मिकों को भी क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा दीक्षित ने उपस्थित माताओं को दूध की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-नीलामी**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने गाडी सं. 19803 (KOTA&SVDK) में पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है: केटलॉग सं.: Lease-KTT-19803, अनुबंध का प्रकार: Leasing of SLR, अनुबंध की अवधि: 2 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय: 20.08.24 को 12:00 बजे, केटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय ग्राम पंचायत टहरी, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )**

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/01 दिनांक: 31.07.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 01/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 05.08.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00127 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत टहरी — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत टहरी